an>

Title: Need to make stoppage of express trains at Patna Sahib station .

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं माननीय सदस्य के साथ एसोसिएट करता हूं।

डिप्टी स्पीकर साहब, पटना साहिब गुरू गोविन्द सिंह जी का जन्म स्थान है। लाखों लोग श्रद्धा के तौर पर वहां जाते हैं। सिखों के पांच जो हाइएस्ट टेम्पोरल सीट्स हैं, उनमें से यह एक है। अभी दुनिया भर में गुरू गोविन्द सिंह जी की 350वीं जन्म दिन मनाने जा रहे हैं। वहां उत्तरी भारत की जो ट्रेनें हैं, वे पटना जंक्शन जाकर रूक जाती हैं। मेरा आपके थ्रू सरकार से निवेदन है कि वहां से दस किलो मीटर की दूरी पर पटना साहिब स्टेशन है। वहां पर ट्रेनें रूकनी चाहिए। नांगल-हावड़ा एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस, नांदेड़-पटना एक्सप्रेस पटना साहिब स्टेशन से चलनी चाहिए और वहां भी रूकनी चाहिए।

महोदय, 27 और 28 को गुरू गोविन्द सिंह जी के पुत्रों का शहीदी दिन है। वहां के लिए एक स्पेशल ट्रेन चलनी चाहिए। मैं यह भी आपके थ्रू निवेदन करता हूं।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Keshav Prasad Maurya are permitted to associate with the issue raised by Shri Prem Singh Chandumajra.